भारत सरकार

सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3836

21 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ

विषयः राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद का मूल्यांकन

3836. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (एनसीसीटी) का कोई स्वतंत्र मूल्यांकन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में नव-सहकारिता आंदोलन के लिए सक्षम मानव संसाधन तैयार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या एनसीसीटी के कार्यकलापों की वित्तीय लेखा-परीक्षा की जाती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा कार्रवाई के लिए अभी तक लंबित लेखापरीक्षा-खंडों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) और (ख): जी हाँ। 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (NABCONS), नई दिल्ली के माध्यम से राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (NCCT) का एक स्वतंत्र तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया गया था। सरकार 20 NCCT संस्थानों [वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (VAMNICOM), क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (IRCMs) (5) और सहकारी प्रबंधन संस्थान (ICMs) (14)] के माध्यम से शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित करके सहकारी क्षेत्र में क्षमता निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।

(ग) और (घ): जी हां। वित्तीय लेखा परीक्षा जैसे नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG), सांविधिक, आंतरिक और अन्य ऑडिट द्वारा समय-समय पर एनसीसीटी की विभिन्न गतिविधियों पर की जाती है। लेखापरीक्षा पैराओं पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

******